कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलक्टर, दौसा

श्री रामसिंह मीना पूर्व सरपंच, पोस्ट उकरूंद तहसील मण्डावर जिला दौसा राज0 321613

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, उपखंड अधिकारी मण्डावर

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

अपील संख्या 67/2025

निर्णय

दिनांक 08.08.2025

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, उपखंड अधिकारी मण्डावर से सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वांछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इससे व्यथित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी, उपखंड अधिकारी मण्डावर को प्राप्त पत्रादि की छाया प्रति प्रेषित कर अपीलांट को वांछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाने हेतु निर्देश प्रदान किये गये।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से ज्ञात होता है कि अपीलांट द्वारा चाही गई सूचना लोक सूचना अधिकारी, उपखंड अधिकारी मण्डावर से संबंधित है। लोक सूचना अधिकारी उपखंड अधिकारी मण्डावर को पत्र कमांकः डीएम/ कोर्ट/ 2025/1765 दिनांक 09.07.2025 के द्वारा अपीलांट को वांछित सूचना अविलंब उपलब्ध कराने हेतु निर्देश प्रदान किये गये। लोक सूचना अधिकारी उपखंड अधिकारी मण्डावर ने पत्र कमांकः आरटीआई/2025/170 दिनांक 21.07.2025 द्वारा वस्तुस्थिति की सूचना इस कार्यालय को भिजवाते हुए प्रति अपीलांट को प्रेषित की गई है। उक्त पत्रादि की प्रति पत्रावली में संलग्न है। इससे स्पष्ट होता है कि अपीलांट को वस्तुस्थिति की सूचना उपलब्ध करा दी गई है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट खारिज योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय की प्रति प्रेषित की जावे। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भंडार हो।

(देवेन्द्र कुमार)
जिला कलक्टर, दौसा

जिला कलक्टर दौसा

जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट दौसा

Signature Not Verified

Digitally signed by Devendra Kumar
Date: 2025.10.01 12:05:50 IST
Reason: SelfAttested